deemed fit"। परन्तु किसी भी क्रेता द्वारा प्रोजेक्ट साईट के भ्रमण पश्चात् ऑनगोईंग प्रोजेक्ट में प्रोजेक्ट ब्रोशर में वर्णित सुविधाओं के आधार पर ही भूखण्ड को क्रय किया जाता है। उक्त परिप्रेक्ष्य में अनावेदक द्वारा प्रोजेक्ट ब्रोशर के संबंध में किया गया उक्त अभिकथन अनुचित है। चूँकि अनावेदक ने आज दिनाँक तक प्रोजेक्ट का विकास कार्य पूर्ण नहीं किया है, अतः अनावेदक ने प्रोजेक्ट का विकास कार्य पूर्ण करने में वर्ष 2015 से लगभग छह वर्ष का विलंब किया है।

7. **विचारणीय बिन्दु क्रमांक–3** :– आवेदक ने विवादित सौदे हेतु अनावेदक के साथ दो इकरारनामा निष्पादित किया है और दोनों ही इकरारनामों में इकरारनामा दिनाँक उल्लेखित नहीं है। इस संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत दोनों इकरारनामा का अवलोकन किया गया, किन्तु आवेदक द्वारा प्रस्तुत छायाप्रति में स्टाम्प क्रय दिनाँक का भी उल्लेख नहीं है। ऐसी परिस्थिति में प्राधिकरण द्वारा यह विनिश्चय कर पाना संभव नहीं है कि क्या बाई बैक इकरारनामा भूखण्ड की रजिस्ट्री के पूर्व निष्पादित हुआ अथवा नहीं ? बाई बैक इकरारनामा के अवलोकन व अध्ययन से यह भी दर्शित होता है कि उक्त स्कीम ''विवादित भूखण्ड के विक्रय विलेख निष्पादन दिनाँक से 42 माह का लॉक–इन पीरियड/अवधि व्यतीत हो जाने पश्चात् लागू होकर 48 माह तक ही लागू रहेगी।'' अर्थात् कुल छह महीनों के लिये ही स्कीम लागू थी। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों से स्पष्ट है कि विवादित भूमि का रजिस्ट्री बैनामा सितम्बर, 2013 में निष्पादित हुआ है। यदि उक्त दिनाँक से भी बाई बैक इकरारनामा में निर्धारत समयावधि की गणना की जाये, तो उक्त अवधि वर्ष 2017 में समाप्त हो चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निर्धारित समयावधि के लगभग 4 वर्ष पश्चात् बाई बैक इकरारनामा के संबंध में कोई कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। निष्कर्षतः आवेदक केवल अनावेदक द्वारा प्रोजेक्ट के विकास में विलंब किये जाने हेतु अनुतोष प्राप्ति का हकदार है।

प्राधिकरण द्वारा अनावेदक से विवादित प्रोजेक्ट से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष पूर्व में प्रस्तुत अन्य प्रकरणों में विक्रय किये गये भूखण्डों से प्राप्त विक्रय प्रतिफल की राशि की जानकारी प्राप्त की गई थी। अनावेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी निम्नानुसार है :–

| स. क्र. | सेक्टर क्रमांक | कुल विक्रय किये गये भूखण्ड | कुल प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 152 | 10,46,02,694/– |
| 2. | 2 | 174 | 9,95,90,910/– |
| 3. | 3 | 143 | 8,22,73,722/– |
| 4. | 4 | 59 | 3,95,13,500/– |
| 5. | 5 | 45 | 3,32,76,400/– |

